हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]





# बेटियों ने महावर घुली थाल पर पैर रखकर द्वार पर दी निशानी, दीवारों पर लगाया हाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

शासकीय पीएम श्री कन्या विद्यालय अर्जुन्दा में शाला प्रवेश उत्सव के दिन अलग नजारा देखने को मिला। स्कूल के सभागार में पालक एवं अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद पालकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बेटियों की आरती उतारकर गुलाल लगाया।

■ पीएम श्री कन्या विद्यालय अर्जुन्दा में प्रवेश उत्सव पर दिखी संस्कृति की झलक

वहीं, बच्चियों ने महावर घुली थाल पर अपने पैर रख कर द्वार पर निशानी दी। उसके बाद हल्दी घुले आटे की थाल पर अपने दोनों हाथों से दीवारों पर हाथा दिया, जिस प्रकार गृह प्रवेश में बेटियों द्वारा दिया जाता है। अपनी परंपरा और रीति रिवाज के अनुसार इन बच्चों का शाला प्रवेश देख उपस्थित सभी पालक आनंदित हो गए। पालकों व अतिथि ने बच्चों को पुस्तक वितरण किया।

इस अवसर पर प्रधान पाठक मिथलेश शर्मा एवं प्राचार्य नूतन गजेंद्र ने बच्चों का अभिनंदन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही शाला के अनुशासन का पालन करते हुए पढ़ाई के साथ ही सभी शालेय गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नवमी की छात्रा लाजवी विश्वकर्मा के पिता नन्दलाल विश्वकर्मा का जन्म दिन भी शाला परिवार द्वारा मनाया गया।



### पहले ही दिन न्योता भोज

*प्रथम सत्र के प्रथम दिन ही सभी बच्चे न्योता भोजन पाकर बहुत प्रसन्न नजर आए। न्यौता भोजन रोहित कुमार देवांगन प्रदेश मीडिया प्रभारी ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के द्वारा अपने पुत्र नीतीश एवं पुत्रवधू अर्चना को पुत्र रत्न आध्विक की प्राप्ति के उपलक्ष्य में करवाया गया। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, साहित्यकार, कवि एवं प्रभारी प्रधान पाठक मिथलेश प्रसाद शर्मा ने बेटियों के लिए अविस्मरणीय पहल की।*

## खबर संक्षेप

### निषाद समाज की बैठक 30 को

**अंडा।** भरदा चंगोरी परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ द्वारा आगामी 30 जून को साप्ताहिक सामाजिक जन जागरूकता बैठक निषाद भवन ग्राम पिसेगांव में रखी गई है। बैठक में डॉक्टर घनश्याम निषाद जिला अध्यक्ष निषाद समाज, कोमल निषाद राष्ट्रीय युवा महामंत्री मछुआरा समाज समन्वय समिति बीजापुर, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संतोषी निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद, क्षेत्रीय अध्यक्ष हिन्छा राम निषाद, जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष वरुण निषाद सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीति, शैक्षणिक गतिविधियों तथा सामाजिक जनगणना के संबंध में चर्चा की जाएगी। इसके अलावा गांव समाज में युवा तथा महिला प्रकोष्ठ का गठन किया जाएगा। इसके साथ ही पौधारोपण किया जाएगा।

### नाबालिग का अपहरण

**भिलाई।** नाबालिग का अपहरण कर उसे बहला फुसलाकर ले जाने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर पुलिस ने धारा 363, 279, 337 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि घटना 29 मई की सुबह 11 बजे की है। नाबालिग को युवक जेवरा सिरसा निवासी पंकज निर्मलकर नामक युवक ने बिना सहमती से उसे अपने साथ लेकर जा रहा था। तभी नाबालिग का सड़क हादसे में गंभीर हो गई। परिजनों को अस्पताल से कॉल आया कि उनकी बेटी अस्पताल में भर्ती है। खबर सुनकर परिजन तुरंत अस्पताल पहुचे जहां नाबालिग को प्राथमिक उपचार के बाद उसे छोड़ दिया गया। लेकिन परिजनों ने नाबालिग को उपचार के लिए दोबारा अस्पताल में दाखिल कराया।

### बीएसपी में गायन प्रतियोगिता 2 जुलाई से

**भिलाई।** सेल बीएसपी के तत्वावधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा 2 से 6 जुलाई तक अंतर्विभागीय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। संयंत्रकर्मी व उनके पति/पत्नी के लिये तीन वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी वर्ग , गैर हिंदी वर्ग एवं युगल गायन वर्ग शामिल हैं। हिंदी व गैर हिंदी भाषा की प्रतियोगिता दो अलग–अलग वर्गों में होगी।

### युवती ने घर पर लगाई फांसी

**भिलाई।** युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि केम्प-1 निवासी आरती रॉय 19 वर्ष ने अपने घर पर फांसी लगा ली। आरती शाम को अपने घर पर अकेली थी। घटना के दिन रोज की तरह उसका भाई इंजीनियरिंग पार्क में काम पर निकला गया था। शाम 7 बजे आरती की सहेली उसे बुलाने घर पहुची तो दरवाजा बंद था। काफी देर तक दरवाजे को सहेली खटखटाती रही लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। जब आरती की सहेली ने खिड़की से झांककर देखा तो उसकी लाश पंखे में लटकी मिली।

### पहले दिन स्कूलों में मनाया प्रवेशोत्सव, स्वागत सत्कार से प्रसन्न नजर आए बच्चे

# स्कूलों में लौटी रौनक, त्योहार सा माहौल बच्चों को लगाया तिलक, खिलाई मिठाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गर्मी की छुट्टियों के बाद बुधवार को स्कूलों के दरवाजे खुल गए और वहां की रौनक लौट आई। शिक्षा सत्र 2024–25 के पहले दिन स्कूल खुलते ही जहां पुराने बच्चे अपने साथियों को देखकर प्रसन्न हुए और उनके चेहरे खिल गए। वहीं, दूसरी और नवप्रवेशी बच्चे विद्यालय में आयोजित प्रवेशोत्सव के दौरान किए गए स्वागत सत्कार से प्रसन्न नजर आए।

शिक्षा सत्र के पहले दिन जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम रेवती नवागांव के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ▶▶| शेष पेज 11 पर



### विद्यार्थी जीवन महत्वपूर्ण, इसका सदुपयोग करें : चंद्रवाल

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने नए शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूल पहुँचने पर विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी। श्री चन्द्रवाल ने विद्यार्थी जीवन को व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कालखण्ड बताते हुए इसका सदुपयोग करने को कहा। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल आने तथा नियमित रूप से पढ़ाई कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने की भी समझाईश दी। चन्द्रवाल ने कहा कि अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा। उन्होंने प्रधान पाठकों को पालकों के साथ नियमित रूप से बैठक आयोजित करने को कहा।

### साक्षर बनने वाली महिला का किया सम्मान

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया। समारोह में कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'उल्लास' कार्यक्रम के तहत साक्षर बनने वाली गाँव की महिला गणेश्वरी ठाकुर को सम्मानित कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रेवती नवागांव के उप सरपंच ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने भी विद्यार्थियों के साथ न्योता भोज किया।

उल्लेखनीय है कि पूरे समारोह के दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने जमीन पर बैठकर विद्यार्थियों से बातचीत की एवं उनका हाल–चाल जाना। कार्यक्रम में नन्हें–मुन्हें विद्यार्थियों के द्वारा अतिथियों एवं नव प्रवेशित विद्यार्थियों के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने शाला परिसर में पौधारोपण भी किया।

# सब्जियों की चोरी विक्रेता परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में चोरों के हौसले बुलंद हैं। घरों तथा दुकानों में चोरी की घटना होने की खबरें आपने जरूर देखे और सुने होंगे, लेकिन हरी सब्जियों की चोरी होने की खबर सुनकर आप भी चौंक जाएंगे।

■ जिला मुख्यालय में चोरों के हौसले बुलंद

दरअसल जिला मुख्यालय के जय स्तंभ चौक के पीछे सुबह से देर शाम तक हरी सब्जियों की दुकान लगाने वाले दुकानदार इन दिनों चोरी की घटनाओं से काफी परेशान हैं। कभी सब्जियों को तौलने वाले तराजू की चोरी हो जाती है, तो कभी भारी मात्रा में हरी सब्जियों की चोरी हो जाती है। अब तक कई बार हरी सब्जियों की चोरी की घटना सामने आ चुकी है। हालांकि चोरी की घटना की दुकानदारों ने अब तक पुलिस से शिकायत नहीं की है, लेकिन इस तरह से घटना बढ़ती रही तो पुलिस से शिकायत करने की बात कह रहे हैं। सब्जी व्यापारी भारती सोनकर, लक्ष्मी पटेल, गोपी नाग तथा महेश्वरी योगी सहित कुछ अन्य व्यापारियों की सब्जियों की चोरी हो चुकी है। सब्जी व्यापारियों ने बताया कि जय स्तंभ चौक के पास यात्री प्रतीक्षालय के पीछे करीब 15 से 20 लोग सब्जी दुकान लगाते हैं। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कहा- नियमित गश्त नहीं होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद

# डौंडी में बढ़ रहीं चोरी की घटनाएं सरपंच के साथ ग्रामीण पहुंचे थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डौंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर एवं आसपास के गांवों में शराब के अवैध कारोबार के साथ ही नगर में चोरी की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीणों व व्यापारियों ने पुलिस गश्त नहीं होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद होने की बात कही।

इस बीच आडेझर ग्राम पंचायत के सरपंच भीखम भुवारय ने ग्रामीणों के साथ डोंडी थाना पहुंचकर बाजार लारी में बिना मुसाफिरी के रुके लगभग 50 महिलाओं व पुरुषों के खिलाफ आशंका जाहिर की। उन्होंने बताया कि उनके गांव में आज ने किसी अज्ञात महिला ने देवी दुर्गा की कसम दिलाकर 11000 रूपए की ठगी कर ली। इस पर सुमन प्रधान आरक्षक ने तत्काल पहचान



कराई, जिस पर उन लोगों का नहीं होना पाया गया। सभी लोगों को डोंडी थाना क्षेत्र से जाने को कहा गया। व्यापारियों का कहना है कि वर्तमान थानेदार अपना ज्यादा समय दल्ली में बिताते हैं, मुख्यालय में नहीं रहते, जिसके कारण आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक सुरजन भगत से फोन पर जानकारी लेने पर उन्होंने कसावट लाने की बात कही।

### अंचल में शराब का अवैध कारोबार जोरों पर

थाना डौंडी क्षेत्र के नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शराब का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। गांव-गांव में आसानी से अवैध रूप से शराब बिकने के कारण लोग इसकी चपेट में आते जा रहे हैं, खास तौर पर युवा वर्ग फंसता जा रहा है। शराब की अवैध बिक्री को लेकर आसपास के ग्रामीणों द्वारा डौंडी थाने में कई बार शिकायत भी की गई, लेकिन पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। हालांकि ग्रामीणों की शिकायत के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ छिटपुट कार्रवाई की जाती है, लेकिन उसके बाद शराब की बिक्री फिर शुरू हो जाती है। डौंडी की अधिकांश जगहों पर युवा शाम होते ही सड़क के नजदीक या खेतों में बैठकर नशा करते ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दीदी-जीजा के घर घूमने आई एमपी की युवती ने की आत्महत्या

**बालोद।** ग्राम सिवनी में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की लाश के पास पुलिस को सुसाइड नोट मिला, पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के विदिशा जिला अंतर्गत सिरोन निवासी 23 वर्षीया युवती साक्षी बरसेना, पिता अनिरूद्ध बरसेना अपने दीदी-जीजा के घर 18 मई को घूमने आई थी। मृतका के जीजा डॉक्टर रविन्द्र वर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीपरछेड़ी में पदस्थ हैं और सिवनी में देवकान सोनी के घर किराये के मकान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवती के दीदी-जीजा और उनके बच्चे बाजार गए हुए थे। इस बीच युवती ने अपने मुँह पर टेप चिपकाकर फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार मृतका के शव के पास ही ▶▶| शेष पेज 11 पर



■ बालोद जिले के ग्राम सिवनी का मामला

# पानी भरने को लेकर हुआ विवाद लाठी लेकर पहुंच गए पड़ोसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो पड़ोसियों में पानी भरने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। इस दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो भी बना लिया, जो सोशल मीडिया में वायरन हो रहा है।

■ कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम निपानी का मामला

वीडियो बालोद कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम निपानी का बताया जा रहा है, जहां नल से पानी भरने के दौरान पड़ोसियों में विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि जिनके बीच विवाद हुआ, उनका इससे पहले भी विवाद हो चुका है, जिसकी शिकायत थाना से लेकर एसपी तक की जा चुकी है। उनके बीच बुधवार को एक बार फिर से विवाद शुरू हो गया, जिसके बाद दोनों पक्ष लाठी लेकर एक दूसरे को ललकारते नजर आए। विवाद इतना बढ़ गया कि एक परिवार के महिला व पुरुष लाठी लेकर अपने पड़ोसियों को धमकी देने लगे। पूरी घटना वीडियो में कैद हो गई है।

इस मामले में कार्तिक राम जोशी ने थाने में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि 26 जून को सुबह लगभग 9 बजे मैं नल कनेक्शन से पाइप लगाकर पानी भर रहा था। इस बीच पाइप में पानी नहीं आने पर बाहर जाकर देखा तो पाइप मुड़ी हुई थी और उसके ऊपर ईंट रखी हुई थी। पाईप को कौन मोड़ दिया है कहने पर पास में खड़े पड़ोसी रमेश साहू एवं उनके ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत हुआ बीजाभांटा स्कूल भवन का जीर्णोद्धार

# मरम्मत में पुराने ग्रील व ईंटों का उपयोग, कलेक्टर से शिकायत






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौडीलोहारा ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम बीजाभांटा के शासकीय प्राथमिक शाला का जीर्णोद्धार कार्य मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किया गया। लेकिन अब जीर्णोद्धार कार्य की जांच के लिए सरपंच ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। मिली जानकारी के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला बीजाभांटा स्कूल मरम्मत कार्य के लिए स्कूल जतन योजना के तहत वर्ष 2022–23 में 11 लाख रूपये प्रशासन से स्वीकृत हुआ था। जिसके तहत ठेकेदार द्वारा मकान की छत को तोड़ तीन फीट ऊंचाई बढ़ाकर छत ढाल और रंग रोगन का कार्य किया गया है। लेकिन इस निर्माण कार्य में उक्त ठेकेदार द्वारा पुरानी ईंट व ग्रील का उपयोग किया गया है। वहीं दीवारों का प्लास्टर भी सही तरीके से नहीं किया गया है, जिसके कारण दीवार समतल नजर नहीं आ रही है।

■ सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, जांच व कार्रवाई की मांग की

### बरती गई अनियमितता : सरपंच

बीजाभांटा सरपंच दुर्जन लाल ने बताया कि ठेकेदार द्वारा स्कूल जीर्णोद्धार कार्य में पुरानी ईंट व ग्रील का उपयोग किया गया है। इसके साथ ही अनेक कार्यों में अनियमिता बरती गई है। इसलिए कलेक्टर को ज्ञापन जांच की मांग की गई है।

### वर्ष 2022–23 में स्वीकृत हुए थे 11 लाख

ग्रामीण कमलेश साहू, खोरबाहरा साहू की मानें तो शासकीय प्राथमिक स्कूल में दो क्लास रूम, एक बरामदा, एक ऑफिस रूम व किचन रूम के मरम्मत कार्य के लिए स्कूल जतन योजना के तहत वर्ष 2022–23 में 11 लाख स्वीकृत हुआ था। बताया जाता है कि स्कूल को तोड़ने के बाद जो ईंट बिखरी पड़ी थी, उन्हें सरपंच द्वारा इकट्ठा करवाकर सुरक्षित अन्य कार्यों के लिए रखा गया था, लेकिन ठेकेदार द्वारा उन टूटी-फूटीं ईंटों का उपयोग बिल्डिंग बनाने में किया गया। वहीं, स्कूल मरम्मत का कार्य सही तरीके से नहीं किया गया है। इसके बावजूद रंग रोगन कर कार्य पूर्ण दर्शाया जा रहा है।

हरिभूमि

## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

**खबर संक्षेप**

### अखिल भारतीय संत समिति की बैठक



**रायपुर।** श्रीराम-जानकी मंदिर सेंतगंगा मुंगेली में अखिल भारतीय संत समिति छत्तीसगढ़ की प्रदेश 'कोर कमेटी' की बैठक हुई। जहां उपस्थित लोगों ने बताया कि छग प्रदेश के मठ-मंदिर के विभिन्न समस्याओं और 2 जुलाई को व्यापक स्तर पर संतों की बैठक रायपुर में होगी, इसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल होंगें, इसी विषय पर चर्चा की हुई। इस चर्चा में सभी अन्य क्षेत्रों से महंत, संतों व पदाधिकारियों का विशेष आगमन हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से अखिल भारतीय संत समिति के महंत नरेंद्र दास, स्वामी सर्वेश्वर दास, आचार्य राकेश महाराज, महंत स्वामी राधेश्याम महाराज, डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद महाराज, महंत सीताराम दास, महंत त्रिवेणी दास, महंत श्यामसुंदर दास आदि उपस्थित रहे।

### युवतियों ने नई तकनीक से सीखा मेहंदी आर्ट



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा लक्ष्मीनगर प्रिंस कॉलोनी स्थित कार्यालय में 10 दिवसीय मेहंदी कक्षा का समापन मंगलवार को किया गया, जिसमें 21 युवतियों ने हिस्सा लिया। युवतियों ने बताया कि इस दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। नई तकनीक और स्टाइल से मेहंदी लगाने की विधि सिखाई गई। युवतियों में काफी उत्साह का माहौल था। मेहंदी कक्षा में प्रशिक्षिका प्रज्ञा देवांगन द्वारा शुरुआत में मेहंदी के बेसिक गुण सिखाए गए, फिर प्रोफेशनल मेहंदी लगाना सिखाया गया। साथ ही ब्राइडल मेहंदी लगाने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर साहू, विजय निषाद, सनिल जांगड़े, भुनेश्वरी साहू, निर्मला साहू, हरिश्वर दास, हेमा मानिकपुरी, प्रियंका पटेल मौजूद थे।

### बच्चों ने दी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति



**रायपुर।** लावण्या फाउंडेशन द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में आयोजित कला को समर्पित कार्यक्रम कला की कार्यशाला का समापन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित दर्शकों द्वारा भरपूर प्रशंसा प्राप्त हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की कला को मंच प्रदान करना है। लावण्या फाउंडेशन द्वारा संचालित रॉयल इवेंट्स एंड म्यूजिक अकादमी में जो बच्चे नृत्य, वाद्य एवं संगीत आदि कलाओं का शिक्षण प्रशिक्षण ले रहे हैं, उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष यह मंच प्रदान किया जाता है। इस आयोजन से विशेषकर बस्ती में रहने वाले वह बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी सीआईडी मिलना कुर्रे, आशीष मिश्रा, डॉ. नवीन गुप्ता एवं मुकेश शाह सहित आरके तिवारी, सरिता शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# प्लेटफार्म टिकट में जीएसटी का जिक्र नहीं, टैक्स समाप्त करने से यहां के यात्रियों को नहीं मिलेगा लाभ

**जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में प्लेटफार्म टिकट से जीएसटी समाप्त करने का लिया गया है निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुड्स एंड सर्विस टैक्स, जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक बीते शनिवार को नई दिल्ली में हुई, जिसमें रेलवे प्लेटफार्म टिकट से जीएसटी समाप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, लेकिन फैसले से राजधानी के यात्रियों का एक भी पैसा नहीं बचेगा, क्योंकि प्लेटफार्म टिकट में पहले से ही जीएसटी नहीं है।

ट्रेन में एसी क्लास टिकट पर जीएसटी लगता है। हरिभूमि से बातचीत में भी रेलवे के उच्च अधिकारियों ने भी स्वीकार किया कि प्लेटफार्म जीएसटी नहीं होता है। जीएसटी काउंसिल के निर्णय के बाद मंडल व जोन के अधिकारियों को भी अब वित्त विभाग के लिखित आदेश का इंतजार है। इधर यात्री असमंजस में हैं कि जब टिकट में जीएसटी का जिक्र नहीं है, तो फिर जीएसटी समाप्त करने का क्या लाभ होगा। टिकटों पर लगने वाले जीएसटी की पड़ताल की, तो पता चला रेलवे के खानपान और एसी क्लास टिकटों पर जीएसटी है।

ऑनलाइन टिकटों पर अलग से स्पष्ट रूप से लिखा है कि जीएसटी लगता है, लेकिन स्टेशन विंडो से लिए गए टिकट पर कुल राशि ही लिखी होती है। स्टेशन में अनरिजर्व टिकटिंग सिस्टम, यूटीएस से प्लेटफार्म टिकट लिया गया। इस पर मूल्य 10 रुपये अंकित है। इसमें जीएसटी का अलग से कोई उल्लेख ही नहीं है। इसके बाद यूटीएस से ही मिलने वाले रायपुर से कुम्हारी तक के सामान्य टिकट और रायपुर से ही नागपुर स्लीपर क्लास टिकट पर भी जीएसटी नहीं लिखा हुआ।

### आदेश के बाद समझ आएगा जीएसटी का गणित

स्टेशन से प्लेटफार्म टिकट लेने पर उसमें जीएसटी नहीं लिखा होता। ऐसे में जीएसटी समाप्त करने के निर्णय से यात्रियों को किस तरह से लाभ मिलेगा यह वित्त विभाग के आदेश के बाद ही समझ आएगा। रेल अफसर का कहना है कि वित्त विभाग से अभी कोई लिखित आदेश नहीं मिला है। प्लेटफार्म दर की नई सूची भी नहीं आई है। यात्रियों को भी जीएसटी समाप्त करने का निर्णय समझ नहीं आ रहा है कि उनका कितना पैसा बचेगा।




**टिकट में लिखा नहीं होता**

प्लेटफार्म टिकट में जीएसटी नहीं लिखा हुआ होता है। फैसले से यात्रियों को जीएसटी में कितनी छूट मिलेगी यह लिखित आदेश मिलने के बाद ही बता सकता हूं। अभी नई दर की सूची नहीं आई है। - **विकास कश्यप,** सीपीआरओ, दपूमरे

### स्लीपर टिकट पर भी जीएसटी नहीं

रायपुर से नागपुर जाने वाली ट्रेन संख्या 12409 के स्लीपर क्लास में जब टिकट चेक किया गया, तो 240 रुपये किराया है। इसमें 20 रुपये रिजर्वेशन चार्ज, 30 रुपये सुपर फास्ट चार्ज और 190 बेसिक किराया है। इस टिकट पर कहीं भी जीएसटी नहीं लिया जा रहा। इसी तरह इसी ट्रेन के थर्ड एसी क्लास में किराया चेक किया गया, तो इस टिकट का किराया 610 रुपये है, लेकिन इसमें 29 रुपये जीएसटी चार्ज है, जबकि 40 रुपये रिजर्वेशन चार्ज और 45 रुपये सुपर फास्ट चार्ज है। सेकेंड एसी में 40 रुपये तो फर्स्ट एसी में 67 रुपये जीएसटी है।

## अव्यवस्था : रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजना का दो साल से ऐसा हाल

# पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

सरकार की योजना का लाभ फंड खर्च करने के दो साल बाद भी युवाओं को नहीं मिल रहा है। बनवाने के बाद इस तरह की स्थिति रायपुर ही नहीं, बल्कि इससे सटे बिरगांव निगम सीमा में भी देखने को मिल रही है। दोनों ही निगम के जिम्मेदारों ने नाई, मेकैनिक, सब्जी, फल, मनिहारी जैसे व्यवसाय से रोजी-रोटी कमाने के लिए यहां-वहां घूमने वालों को व्यवसाय के लिए चबूतरा देने 10 स्थानों पर पौनी पसारी बनवाने पर 2.50 करोड़ खर्च किया। इसके बाद से 144 जबूतरों को जिम्मेदार भूल गए हैं। नतीजा, किसी पौनी पसारी में कब्जा, तो कहीं नशेड़ी जमने लगे हैं।

रायपुर नगर निगम ने दो साल पहले 10 में से 7 जोन सीमा में नाई, धोबी, मेकैनिक, सब्जी, फल के साथ ही कुकर सुधार जैसे छोटे-छोटे व्यवसाय करने वाले युवाओं को एक ही जगह बाजार देने की मुहिम पूर्व सरकार के आदेश पर शुरू की थी। इसे शहरी क्षेत्र के हर जोन से जुड़े वार्डों की सुविधा के लिहाज से 25-25 लाख की लागत से बनवाया गया है।

### आवंटन की प्रक्रिया जल्द करेंगे

अगर जोन क्षेत्र में पौनी पसारी के तहत चबूतरे बनने के बाद भी वहां युवाओं का व्यवसाय शुरू नहीं करवा पाए हैं, तो जानकारी लेने के बाद आवंटन की प्रक्रिया जल्द करेंगे। - **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### बाजार शुरू करने की प्रक्रिया की गई है

रावांभाठा में लोगों की सुविधा के लिए बाजार शुरू करने की प्रक्रिया की गई है। सरोरा में कुछ जरूरी काम करवाने के बाद शुरू किया जाएगा, उरकुरा में अभी समय लगेगा। - **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, ननि बिरगांव




### सिर्फ तीन जगह ही बना पाए

वहीं बिरगांव निगम क्षेत्र में पौनी पसारी की स्थिति ज्यादा खराब है। सुविधाओं के लिए तरसने वाले उरकुरा, सरोरा व रावांभाठा में भी प्रति स्थान पर 12-12 लोगों के लिहाज से 36 शेडयुक्त चबूतरा बनवाया गया है। यहां चबूतरे अभी तक खाली पड़े हैं। वार्ड के लोगों ने बताया कि दुकान बनने के बाद से यहां नाई, धोबी, बढ़ई, राजमिस्त्री तो दूर, सब्जी विक्रेता भी बैठने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे रात के अंधेरे में ही नहीं दिन में भी सूनसान इलाके में चबूतरा होने से नशेड़ी जमने लगे हैं। लोगों को चबूतरा अलॉट करने के लिए तीन बार प्रयास करने के बाद भी निगम के जिम्मेदार सुविधा नहीं दे पाए हैं।

### 7 जोन बनवाया शेडयुक्त चबूतरा

रायपुर निगम ने 10 में से अलग-अलग 7 जोन सीमा में 12-12 लोगों के लिए शेडयुक्त चबूतरा बनवाया गया। हर जोन आयुक्त ने मुख्यालय को इसकी जानकारी भी भेज दी है। इसके बाद भी स्थिति यह है कि पौनी-पसारी के लिए बनवाए गए चबूतरों पर आसपास के सब्जी बेचने वालों ने कब्जा कर लिया है। वहीं बाहरी क्षेत्र के चबूतरों पर नशा करने वालों ने पैठ बना ली है। इसकी जानकारी देने के बाद भी निगम के जिम्मेदार अभी बाजार शुरू नहीं करवा पाए हैं।

### पसरा वाले भी तैयार नहीं

सड़क तक पसरा सजाने वाले लोग भी पौनी पसारी के चबूतरों पर बैठने के लिए तैयार नहीं है। वजह जांचने पर पता चला कि जहां एसी, कूलर व पंखे की सुविधा के बाद भी लोग नाई, धोबी तो दूर मैकेनिक के पास भी जाने की बजाय फोन करके घर बुलाने लगे हैं। ऐसे दौर में चबूतरे पर व्यवसाय करने के लिए युवा तैयार नहीं हैं। इससे हर जोन में 25.25 लाख में बनवाए गए चबूतरे बनने के बाद से विरान पड़े हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि चबूतरे ओपन स्पेस में होने से यहां रोजी-रोटी कमाने के लिए लोगों को रोज दुकान सजाने और समेटने की अलग समस्या है, इसलिए युवा लेने को तैयार नहीं हैं।

# टॉर्च जलाकर खोजने निकले युवाओं का भविष्य




**रायपुर।** नीट सहित अन्य परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। देर शाम टॉर्च लेकर युवा कांग्रेस युवाओं का भविष्य खोजने के लिए निकली। नगर निगम गार्डन से भाजपा कार्यालय तक टार्च मार्च उनके द्वारा किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से इस्तीफा की मांग की। जो परिणाम आए हैं, उसे तत्काल रद्द करते हुए फिर से परीक्षा लेने की मांग भी युवा कांग्रेस ने रखी। यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में टार्च मार्च निकल गया। टॉर्च मार्च में महासचिव भावेश शुक्ला, आस मोहम्मद, जिलाध्यक्ष विनोद कश्यप, आशीष द्विवेदी, फहीम शेख, तुषार गुहा, आजाद वर्मा पलाश मल्होत्रा, लक्षित तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

### देश का सबसे बड़ा स्कैम

यूथ कांग्रेस ने कहा, जिस प्रकार नीट की परीक्षा में गड़बड़ी देखी गई है, हमारा यह मानना है कि यह देश का सबसे बड़ा स्कैन साबित हो रहा है। इसमें केंद्र सरकार की संलिप्त है। जो पेपर लीक करा रहे हैं, उन्हें केंद्र सरकार का पूर्ण रूप से समर्थन है। देश के लाखों युवाओं का भविष्य आज अंधेरे में है। जिस परीक्षा से डॉक्टर और साइंटिस्ट बनते हैं, आज उस पर सवाल उठ खड़े हुए हैं। केंद्र की मोदी सरकार शिक्षा नीति पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री इतने बड़े मामले पर मौन व्रत लेकर बैठे हैं। शिक्षा मंत्री नैतिकता के आधार पर अपना इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। कार्रवाई होने तक युवा कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा।

# पैट सीटी की जांच अब तक अधूरी रिपोर्ट ने अटकाया अंतिम फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कैंसर के मरीजों की बीमारी का पता लगाने में उपयोग होने वाली पैट सीटी मशीन शुरू करने की जा रही जांच अब तक अधूरी है। रिपोर्ट तैयार नहीं होने की वजह से अब तक इसके उपयोग पर अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। जांच रिपोर्ट नहीं बनने की वजह से मशीन की वास्तविक कंडीशन का पता नहीं लग पाया है।

■ **विभागीय अफसरों से मंत्री ने मांगी थी रिपोर्ट**

आंबेडकर अस्पताल के कैंसर विभाग में 18 करोड़ की लागत से खरीदी गई पैट सीटी मशीन का उपयोग शुरू करने के लिए मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को निर्देशित किया था। इसके लिए तीन माह के भीतर इससे संबंधित तमाम पहलुओं की जानकारी लेकर रिपोर्ट तैयार करने निर्देश दिए गए थे।

सूत्रों के अनुसार काफी समय बीत जाने के बाद भी इस मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है। प्रकरण में इसकी खरीदी से लेकर अब तक की स्थिति का ब्योरा दिया जाना है। इस आधार पर यह फैसला लिया जाएगा कि इस मशीन का उपयोग कैसे किया जा सकता है। रिपोर्ट के आधार पर मिलने वाली प्रशासकीय स्वीकृति के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा लंबे समय से बिना उपयोग के रखी इस मशीन की कंडीशन के बारे में पता लगाने मशीन बनाने वाली कंपनी के इंजीनियरों को बुलाया जाएगा। इंजीनियर उसके चलने की स्थिति के साथ लाइफ के बारे में भी बता पाएंगे। सूत्रों का कहना है कि पूरा मामला प्रशासकीय स्वीकृति पर अटका है, जिसके मिलने के बाद ही मशीन की जांच सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी की जा सकती हैं।




### पुरानी हो चुकी कई मशीन

आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए उपयोग की जाने वाली कई मशीन काफी पुरानी हो चुकी हैं। इनके उपयोग के दौरान कई बार बंद होने जैसी शिकायत मिलती रहती है। एमआरआई, सीटी स्कैन, एक्सरे सहित कई तरह की जरूरी जांच के लिए उपयोग होने वाली इन मशीनों को बदलने अथवा संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है, मगर इस पर शासन स्तर पर प्रस्ताव लंबित है।

# राजस्व प्रकरणों के लाखों मामले लंबित, भूमि स्वामी और किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राजस्व के लाखों मामले में लंबित हैं। राजस्व विभाग में जमीन के सीमांकन, नामांतरण, बी-वन नक्शा-खसरा और बंटवारा जैसे काम समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे लोगों को महीनों चक्कर लगाने पड़ते हैं। सिटीजन चार्टर में इन कार्यों के लिए समय नियत होने के बाद भी समय पर काम नहीं हो रहे हैं। प्रदेश में अधिकतम 90 दिनों के भीतर होने वाले काम सालों से लंबित पड़े हैं। राजस्व प्रकरणों में पटवारी से लेकर राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार और एसडीएम स्तर के अधिकारियों द्वारा संबंधित लोगों से आवेदन लेने के बाद कार्यालय में इसके निराकरण में देर की जाती है।

■ **प्रकरणों के निराकरण का समय तय, फिर भी नहीं हो रहा काम**

राजस्व प्रकरणों के लिए सिटीजन चार्टर के अनुसार आवेदन मिलने के बाद समय तय किए गए हैं। इनमें प्रकरण सूची (राजस्व न्यायालय) 7 दिन, भुइयां से नकल, नान डिजिटाइज्ड नकल और न्यायालय आदेश प्रमाण पत्र 15 दिन, राजस्व सेवाएं (5 लाख से 25 लाख तक), राजस्व सेवाए कृषि भूमि/परिवर्तित आरबीसी 6(4), राहत सहायता प्राकृतिक आपदा, कृषि भूमि/परिवर्तित किसान किताब, कृषि भूमि/परिवर्तित नामांतरण और परिवर्तित सीमांकन के लिए 90 दिन का समय तय है। किसान और जमीन के मालिक इन प्रकरणों को लेकर तय समय के बाद भी चक्कर लगा रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी जिला स्तर पर यह मामला अटका रहता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि राजस्व अमले द्वारा प्रकरणों पर निर्णय समय पर देने का प्रयास होता है। विवाद की स्थिति में कुछ मामले तय समय पर निराकृत नहीं हो पाते।

### कुल प्रकरणों में लंबित मामले

राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 20,18,953 कुल दर्ज प्रकरण में से 18,42,205 निराकृत, 1,76,748 मामले लंबित हैं। इनमें से 4,055 मामले 5 वर्ष,12,180 मामले 2 से 5 वर्ष से लंबित, 24,282 मामले 1 से 2 वर्ष से हैं लंबित पड़े हैं।

### जिलों में दर्ज मामले

सरगुजा 9337,दुर्ग 9429, रायपुर 8942 ,बलौदाबाजार-भाटापारा 9050, बिलासपुर 7,999, सूरजपुर 7,845, रायगढ़ 7336, कोरबा 7161, राजनांदगांव 6499, बालोद 6049, जांजगीर-चांपा 5820,बलरामपुर-रामानुजगंज 5767, महासमुंद 5529, कबीरधाम 5253, जशपुर 5036, कांकेर 4058, धमतरी 3972, गरियाबंद 3802, मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर 3730,गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 3559, सुकमा 3521, कोंडागांव 3365, नारायणपुर 479, बस्तर 2923, मुंगेली 3099, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 3080, बेमेतरा 3031, सक्ति 2851, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई 2402, दन्तेवाड़ा 2118, कोरिया 1870, बीजापुर 1280, मोहला-मानपुर-चौकी में 1374 मामले लंबित हैं।

# सात महीने के बाद भी चिकित्सा छात्रों को वापस नहीं हुई पंजीयन राशि

**रायपुर।** पीजी और यूजी में प्रवेश के लिए पिछले साल की काउंसिलिंग में शामिल होने वाले कई पात्र चिकित्सा छात्रों को पंजीयन राशि वापस नहीं मिली है।

लंबी प्रक्रिया के बाद भी जिनके खाते में रकम ट्रांसफर नहीं हुई है, ऐसे छात्रों से चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने फिर से विवरण मांगा है। शासकीय और निजी चिकित्सा महाविद्यालय में संचालित होने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर सीटों में प्रवेश के लिए हर साल बड़ी संख्या में लोग पंजीयन शुल्क जमा करते हैं। काउंसिलिंग पूरी होने के बाद ऐसे छात्र

■ **शिक्षा संचालनालय से फिर से मांगा विवरण**

जो नियम का पालन करते हुए प्रवेश प्रक्रिया पूरी करते हैं, उन्हें प्रारंभ में जमा कराया गया पंजीयन शुल्क वापस कर दिया जाता है। पिछली बार इस प्रक्रिया में लेटलतीफी हुई और काउंसिलिंग के सात माह बाद भी कई छात्रों को उनका पंजीयन शुल्क वापस नहीं मिल पाया है। इस तरह की शिकायत मिलने पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने शुल्क वापसी का इंतजार कर रहे छात्रों को रिफंड के लिए फिर से अपना विवरण जमा करने निर्देशित किया है। इसके लिए ऑनलाइन फार्म सबमिट करने की व्यवस्था की गई है। सूत्रों का कहना है कि पंजीयन राशि वापस प्राप्त नहीं करने वाले छात्र बहुत अधिक हैं।

### निजी में दो लाख तक

काउंसिलिंग में शामिल होने निजी कालेजों के लिए पीजी पाठ्यक्रम में दो लाख और शासकीय कालेजों के लिए साढ़े 12 से 25 हजार रुपए पंजीयन शुल्क निर्धारित था। वहीं एमबीबीएस की काउंसिलिंग में निजी कालेजों के लिए एक लाख और शासकीय कालेजों के लिए पांच से दस हजार रुपए पंजीयन शुल्क (सुरक्षा निधि राशि) के रूप में जमा कराया गया था।

## जिले की तीन महिला शिक्षक ने प्रदेश स्तरीय टीएलएम बुक का कराया प्रकाशन

# प्रभावी और संवादात्मक शिक्षा के लिए अभिनव पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

तकनीकी और व्यवहारिक शिक्षा को प्राथमिक स्तर से बढ़ावा देने के लिए तीन महिला शिक्षकों ने अभिनव पहल की है। उन्होंने प्रदेश स्तर पर टी एल एम बुक का प्रकाशन कराया है।

सोमवार को प्रकाशित बुक जिला शिक्षा विभाग की ओर से कलेक्टर ऋचा प्रकाश को दी गई। इस अवसर पर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने किताब के संपादक के शारदा, सह संपादक प्रज्ञा सिंह और पुस्तक प्रभारी नंदा देशमुख को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में टी एल एम बुक उपयोगी अध्यन सामग्री है। इस किताब के माध्यम से शिक्षा को सवाद्तमक और प्रभावी बनाया जा सकता है। वही जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि किताब अनमोल है। इसका अध्यन सीखने की प्रवृति को समृद्ध बनाता है। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव भी उपस्थित थे।

### इन कक्षा को होगा फायदा

यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। इस पुस्तक का उपयोग 1 ली से 8वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। पुस्तक में हिन्दी ,गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है।



### राजधानी में हुआ विमोचन

21 वीं सदी के बच्चों की तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान पर प्रकाश डालने वाली किताब का विमोचन रायपुर में किया गया। विमोचन समारोह के अतिथि एम सुधीश सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बी एल देवांगन रायपुर डाइट प्राचार्य थे। इस किताब में राज्य के चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों को शामिल किया गया है। बच्चों को करके सीखने हेतु उपयोग कर रहे कुछ टीएलएम का वीडियो लिंक के साथ टीएलएम की फ़ोटो, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा,बनाने की विधि , लागत, गतिविधि कैसे करें की जानकारी दी है।

### इनका लेख है शामिल

टीसी जायसवाल, ज्योति बनाफर, पुष्पेंद्र कश्यप, प्रतिभा त्रिपाठी, रिंकल बग्गा, योगेश्वरी साहू, भारती वर्मा, आराधना वर्मा, अदिति शर्मा, पुणेश डड़सेना, समता सोनी, प्रीति शांडिल्य, अमित उइके, बलदाऊ सिंह, कलेश्वर साहू, सुनीता यादव, रेखा राय, सूरज कांति गुप्ता, देवेन्द्र कुमार देवांगन, ममता सिंह, संतोष कुमार तारक, संतोष कुमार पटेल, नीतिका जेकब, अरूणा देशमुख, सईदा खान, बिसेलाल, लोकेश वर्मा शामिल हैं।

# पावरहाउस की तरह भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टाउनशिप के आधा दर्जन सेक्टरों और आसपास के क्षेत्रों के मुसाफिरों को अब सफर करने के लिए पावरहाऊस स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। पावरहाउस की तरह भिलाई नगर स्टेशन भी कायाकल्प किया जा रहा है। इस स्टेशन का विस्तार और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके पूर्ण हो जाने से न सिर्फ सुविधाएं बढ़ेंगी बल्कि कई एक्सप्रेस गाड़ियों को स्टापेज भी होने यात्रियों को सहूलियत मिलेगी।

देश के 172 रेलवे स्टेशनों के संधारण की योजना के तहत रेलवे द्वारा शहर में पावरहाउस स्टेशन की तरह भिलाई नगर स्टेशन का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस स्टेशन संधारण और सौंदर्यीकरण निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। इससे यात्रियों को कई नई सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भिलाई नगर स्टेशन टाउनशिप के मध्य में यानी सेक्टर 6 तिराहे पर स्थित होने से सेक्टर 7 और इसके आसपास के हजारों यात्रियों को ट्रेन से सफर करने में सुविधा होगी। अधिकतर लोगों को 3 किलोमीटर दूर पावरहाउस स्टेशन नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि भिलाई नगर स्टेशन के विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद यहां भी कई एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहरने की संभावना है। भिलाई नगर स्टेशन के संधारण के तहत कई नई सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। स्टेशन में पुराने टिकट काउंटर कक्ष की जगह भव्य टिकट काउंटर कम वेटिंग हाल का निर्माण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय का पहला साप्ताहिक जनदर्शन आज

**रायपुर।** प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। भाजपा के शासनकाल में पहले मुख्यमंत्री निवास में डॉ. रमन सिंह का हर गुरुवार को जनदर्शन होता था। अब प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की आमजनों से मुलाकात का कार्यक्रम जनदर्शन 27 जून से प्रारंभ हो रहा है। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में जनसरोकारों की बातें होंगी। श्री साय जनदर्शन में समस्याओं को सुनकर उसका यथोचित निराकरण भी करेंगे। साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी आदि भी इस माध्यम से प्राप्त होगी। जनदर्शन में आमजन सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करा सकेंगे।

### नगर पंचायत माना का कांग्रेस ने किया घेराव

**रायपुर।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की माना नगर पंचायत में हो रहे तालाब खनन, वाहन खरीदी में भ्रष्टाचार, जल संकट व अन्य विषयों को लेकर नगर पंचायत परिसर का घेराव किया गया। रंजीत डे ने बताया, तालाब खनन और वाहन खरीदी के नाम पर शासकीय पैसे की बंदर बाट की जा रही है। नगर पंचायत एक एक बूंद पानी के लिए तरस रही है। अधिकारी लीपापोती करने में लगे हुए हैं।

### आपातकाल के बहाने भाजपा अपने कार्यों को दबा रही

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है और जब तक नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री रहेंगे, तब तक यह चलता रहेगा। उन्होंने कहा, आज संविधान का पालन नहीं किया जा रहा है एवं भाजपा के जनप्रतिनिधि खुले मंच पर संविधान बदलने की बात कहते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, लगातार देश की जनता एवं विपक्ष को ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर डराने का काम कर रही है। किसान आन्दोलन में 700 से भी ज्यादा किसानों की मृत्यु हुई, उस पर बात नहीं की जा रही है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है, जनता मूलभूत की सुविधाओं के लिए तरस रही है, समय पर ट्रेन नही मिल रहा है। आपातकाल का सहारा लेकर भारतीय जनता पार्टी सिर्फ अपने क्रियाकलापों को दबाने का प्रयास कर रही है।

### मानसून सत्र में आएगा सरकार का साल का पहला अनुपूरक

**रायपुर।** 22 जुलाई से शुरु हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सरकार इस साल का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। इस संबंध में वित्त विभाग ने विभागों से प्रस्ताव मंगाने की तैयारी शुरु कर दी है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव(स्वतंत्र प्रभार) को 28 तारीख कर प्रस्ताव तैयार कर भेजने कहा है। वित्त विभाग से सचिव ने इस संबंध में जारी पत्र में कहा है कि 2024-25 के प्रथम अनुपूरक अनुमान विधानसभा के सत्र जुलाई में प्रस्तुत किए जाने हैं।

## आयोजन : नए शिक्षा सत्र के पहले दिन अंचल में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

# बच्चों का स्वागत कर पुस्तकों व गणवेश का किया वितरण, शाला प्रांगण में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

- शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में शिक्षक ने कराया न्योता

शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में पहले दिन प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहेली में 14 नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर व पुस्तक तथा गणवेश प्रदान किया गया। वहीं, पर्यावरण को स्वच्छ रखने और हरियाली बिखरने के संकल्प के साथ पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने शिक्षा के आंगन में पौधे रोपे, वहीं पहुंचे पालकों ने भी पौधे लगाने का संकल्प किया। बच्चों को प्रवेश उत्सव पर शिक्षक चंदन साहू ने न्योता भोजन कराया। इस अवसर पर सरपंच सुरेश साहू ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा व संस्कार मिले, यही प्रयास है।

गौरतलब है कि दुर्ग जिले के ग्राम भोथली में दिव्यांग सरपंच सुरेश साहू ने अपने गांव के स्कूल को संवारने के लिए कई बेहतरीन कार्य कर पूरे जिले में स्कूल की अलग ही पहचान बनाई है। स्कूल की दीवारों पर पेंटिंग, प्रोजेक्टर से पढ़ाई, वहीं स्कूली बच्चों को डिजीटल शिक्षा व इंटरनेट से बेहतरीन पढ़ाई के लिए पांच स्मार्ट टीवी भी दिए। बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल के चारों ओर कैमरे भी लगाए गए हैं। वहीं, मध्यान्ह भोजन के वेस्ट पानी को रिसाइकिल कर पेड़ पौधों में हरियाली बिखेर रहे हैं। भोजन कराने टाइल्स लगाकर कमरों की शोभा बढ़ गई है। वहीं, समय-समय पर बच्चों को कॉपी-पेन भी दी जाती है। सरपंच सुरेश साहू के प्रयास से सरकारी स्कूल भोथली की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल रही है।



### शासकीय प्राथमिक शाला बैहाकुंआ में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बैहाकुंआ संकुल भरदा लो में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य लक्ष्मी भोयर एवं सरपंच संध्या चुरेन्द्र ने बच्चों को गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया। उन्होंने सभी नवप्रवेशी बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों को गणवेश व पाठ्य पुस्तक का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही सरपंच ने कापी और पेन का वितरण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों से कहा कि आप बहुत अच्छे से पढ़ाई कीजिए। पालकों को भी बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने का आग्रह किया। साथ ही सभी शिक्षकों को भी उन्होंने शुभकामनाएं दी कि इस नए सत्र में आप बच्चों को एक नई ऊर्जा और उमंग के साथ पढ़ाएं, ताकि बच्चों में उनकी कक्षा के अनुरूप दक्षता आए। संकुल समन्वयक अशोक टंडन ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के संदेश को सभी को पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक रोमन लारेन्द्र, बुद्धनतीन पटेल सहायक



शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरोत्तम पटेल, ग्राम प्रमुख धनराज बिहार, राम सिंह भंडारी, एमसी के सदस्य नागेंद्र पटेल, किशोर साहू, कोमल पटेल, पंचराम भिवार्य, भीखम बेलसारिया, शेखर चुरेन्द्र, चिंताराम पटेल, टेमिन भंडारी, हठियारीन भूआर्य, अल्पना खरे, कौशिल्या पटेल, सुशीला खोब्रागड़े एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### अपने लक्ष्य का निर्धारण कर सतत परिश्रम करें




**डौण्डीलोहारा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डौण्डी लोहारा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सियाराम सार्वा, प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति रायपुर थे, विशेष अतिथि दीपक थवानी (पूर्व छात्र) थे, अध्यक्षता डोमेन्द्र देशमुख कोषाध्यक्ष नवज्ञानोदय शिक्षण समिति डौण्डी लोहारा ने की। विशिष्ट अतिथि डोमार सिंह साहू प्राचार्य थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां भारती, ओम व मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की पहली सीढ़ी होती है, शिक्षा से ही व्यक्ति के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए मनुष्य को जीवन पर्यंत शिक्षा से जुड़े रहना चाहिए, जिससे समाज में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इसलिए भैया-बहन को भी अपने लक्ष्य का निर्धारण कर सतत परिश्रम करना चाहिए। विशेष अतिथि दीपक थवानी ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव और शिशु मंदिर के संस्कार भैया-बहनों को एक कहानी के रूप में बताए। अंत में अतिथियों ने नव प्रवेशी भैया-बहनों को पाठ्य पुस्तक वितरित कर तिलक वंदन एवं मिष्ठान खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डोमार सिंह साहू प्राचार्य ने सभी अतिथियों, भैया-बहनों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। प्रचार-प्रसार प्रमुख सुश्री सोनम सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं पूर्व छात्र, आचार्य तोरण सिंह ठाकुर, अशोक सिन्हा, सुरेश ठाकुर, सेवंत देवांगन, प्रेमनारायण नायक, प्रतिभा सुकतेल, मंजूलता श्रीवास, संगीता सोनी, प्रियंका कृपाल, सरिता यादव, सोनम सिन्हा, चंचल पटेल, दीदियां एवं भैया-बहन कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

### प्राथमिक शाला कांड़े विकासखंड में प्रवेश उत्सव पर काटा केक...



**डोंडी।** शासकीय प्राथमिक शाला कांड़े विकासखंड डौंडी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को खीर खिलाकर एवं केक कटवा कर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्व सहायता समूह की ओर से न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर सरपंच चन्द्रलेखा पायला, शाला समिति अध्यक्ष सीताराम चुरेन्द्र, सदलु निर्मलकर, शिक्षिका उपासना जायसवाल, प्रधान पाठक अनिल कुमार देवांगन, शिक्षक केके निषाद एवं गणमान्य

## भाजपा पर आरोप लगाने वाले कांग्रेस के नेता आपातकाल को याद कर लें

भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर लगाया संविधान की धज्जियां उड़ाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

इमरजेंसी की 50वीं बरसी है। 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देर रात देश में आपातकाल की घोषणा की थी। इंदिरा गांधी ने करीब पौने दो साल तक आपातकाल लगाए रखा। उस दौर के लोग अब भी उन दिनों को याद कर सिहर जाते हैं। यह बात इमरजेंसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने कही।

भाजपा महामंत्री विश्वास जीतू गुप्ता ने कहा कि आज जिस दल के लोग भाजपा की एनडीए सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर



संविधान की धज्जियां उड़ा दी थीं। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी की संसद सदस्यता के चुनाव को अवैध करार देते हुए रद्द कर दिया गया था। इस पर इंदिरा गांधी बौखला गईं और उन्होंने आनन-फानन में 25 जून की रात को देश में आपातकाल लगा दिया। यह आपातकाल 21 मार्च 1977 तक याने 19 महीने तक लागू रहा। आपातकाल के 49 साल बीत चुके हैं। कहा जा रहा था कि चुनाव रद्द होने के बाद इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा दे देंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और वे आपातकाल लगाकर करीब 2 साल तक सत्ता में बनी रहीं।

### एक-एक नेता को जेल में बंद किया गया

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सूर्यकांत गजेंद्र ने कहा कि आपातकाल लगाने के बाद विपक्ष के एक–एक नेता को चुन-चुन कर पकड़ कर जेल में बंद किया जाने लगा। ऐसे में जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से जुड़े युवाओं को भी पकड़ा गया। संगोष्ठी में विश्वास जीतू गुप्ता, सूर्यकांत गजेंद्र के साथ पार्षद लिलेश्वर ठाकुर युवा नेता नवीन राजपूत, ऋषभ शर्मा, कृष देवांगन सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खरखरा मोहंदीपाट जलाशय परियोजना में चार और गांवों को शामिल किया जाए

लासाटोला, डुंडेरा, बासीन और नवागांव के सरपंचों ने जल संसाधन मंत्री से किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के बालोद प्रवास के दौरान भाजपा युवा मोर्चा के पंकज चौधरी, कुरदी सरपंच संजय साहू, बासीन सरपंच संतोष तारम और डुंडेरा सरपंच छबि कोर्राम ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खरखरा मोहंदीपाट जलाशय परियोजना को लेकर नहर लाइनिंग को लासाटोला, डुंडेरा, बासीन और नवागांव तक बढ़ाने को लेकर मंत्री केदार कश्यप को मांग पत्र सौंपा। पंकज चौधरी ने बताया कि खरखरा परियोजना किसानों के फ़सल सिंचाई के



लिये महती परियोजना है। परियोजना में लासाटोला, डुंडेरा, बासीन और नवागांव चार गांव के 1500 से अधिक किसान परिवार को फ़सल सिंचाई का लाभ मिलेगा, जिससे परियोजना में शामिल करने कैबिनेट मंत्री को मांग की है। सरपंच संजय साहू, बासीन संतोष तारम, डुंडेरा छबि कोर्राम ने बताया कि हमारे गांव में बोर पम्प का उपयोग 80 प्रतिशत हिस्सा में नहीं है, जिसके कारण पानी सिंचाई से वंचित हैं। खरखरा परियोजना में चारों गांव को शामिल करने से हमारे गांव के किसान भाइयों को सिंचाई का लाभ मिलेगा।

## पेज 9 के शेष

### स्कूलों में लौटी रौनक...

परिसर में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल थे। उनके साथ एसडीएम शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग की प्रभारी अधिकारी प्राची ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, डीएमसी अनुराग त्रिवेदी, तहसीलदार एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, ग्राम पंचायत के सरपंच सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। ग्राम रेवती नवागांव में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में हमारे देश के नौनिहाल नव प्रवेशित विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अधिकारियों ने कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को मुँह मीठा कराकर तथा उन्हें पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश प्रदान कर शाला में विधिवत प्रवेश कराया।

### सब्जियों की चोरी ...

सुबह से देर शाम तक सब्जी बिक्री करने के बाद रात के समय सभी सब्जियों को अपने दुकान में ही समेट कर घर चले जाते हैं। जब अगले दिन सुबह दुकान पहुंचते हैं, तो सब्जियों की चोरी हो जाए रहती है।

### अंचल में शराब ...

देखे जा सकते हैं। महिलाओं का कहना है कि शराबी लोगों के कारण अक्सर छात्राओं एवं महिलाओं को शर्मसार होना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि शिकायत के बाद भी डौंडी पुलिस कार्रवाई नहीं करती, कई बार थाने के जिम्मेदार अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसी ही स्थिति रही, तो धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।

### दीदी-जीजा के ...

एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताते हुए आत्महत्या करने तथा किसी को तंग नहीं करने की बात लिखी है। हालांकि बालोद पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

### पानी भरने को लेकर ...

परिजनों ने हम लोगों को देखकर क्यों बोल रहे हो, कहकर गाली गलौज करते हुए लाठी से मेरे पैर पर मारा। कार्तिक जोशी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने रमेश कुमार और उनकी पुत्री के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506(बी) के तहत मामला दर्ज किया है।

## देश में 1 जुलाई से लागू हो रहे तीन नए कानूनों की कलेक्टर ने दी जानकारी

# दंड पर नहीं न्याय पर आधारित होंगे तीनों नए कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन नए कानून केवल दण्ड नहीं न्याय आधारित होगा। चन्द्रवाल जिला पंचायत सभाकक्ष में 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे तीन महत्वपूर्ण कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एंव भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के सम्बंध में जिले के जन प्रतिनिधियों, पत्रकारों, अधिवक्ताओ एंव व्यापारियों को जानकारी देने हेतु आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने तीनों महत्वपूर्ण कानूनों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में अपर कलेक्टर चन्द्रकान्त कौशिक, एडिशनल एसपी अशोक जोशी, लोक अभियोजन अधिकारी, डीडीपी सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पत्रकार, अधिवक्ता



एवं व्यापारी उपस्थित थे। चन्द्रवाल ने तीनों नए कानूनों के प्रावधानों संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि पहले के कानून केवल आरोपी को केंद्र में रखकर बनाया गया था। लेकिन वर्तमान कानून आरोपी एंव पीड़ित दोनों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नए कानून आरोपी एंव पीड़ित के प्रति समान भाव रखता है। चन्द्रवाल ने कहा कि सभी वर्गों के लोगों को तीनों नए कानूनों के संबंध में समुचित जानकारी रखना आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा जिलेवासियों को इन तीनों नये कानूनों के संबंध में जानकारी देने हेतु समुचित व्यवस्था किये गए हैं। जिले के विभिन्न वर्ग के लोगों को कार्यशाला एंव अन्य माध्यमों से नए कानूनों के संबंध में निरन्तर जानकारी दी जा रही है। श्री चन्द्रवाल ने इसके प्रचार–प्रसार के संबंध में पुलिस प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की।

### एक जुलाई से पहले की घटनाओं पर लागू होगा पुराना कानून

अपर कलेक्टर चन्द्रकान्त कौशिक ने नए कानूनों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 01 जुलाई 2024 के पूर्व जो घटना घटित हुई है उन पर पुराना कानून लागू होगा। इस अवसर पर एडिशनल एसपी अशोक जोशी एवं लोक अभियोजन अधिकारी तथा अन्य विषय विशेषज्ञों के द्वारा तीनों नए कानूनों के सम्बध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



## खबर संक्षेप



### जोरातराई में ओंकार व रोहित ने लगाएं पौधा

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम जोरातराई निवासी ओंकार अंगारे एवं रोहित साहू ने ग्राम के तालाब पार पर पीपल का पौधा लगाया और उसकी देखरेख तथा सुरक्षा का संकल्प लिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी युवाओं से कम से कम एक पौधा लगाने और उनकी सुरक्षा करने का आग्रह किया। ओंकार अंगारे ने बताया कि अब तक वे गांव में लगभग दर्जनभर पीपल के पौधे लगा चुके हैं।

### प्रॉपर्टी डीलर ने की आत्महत्या, जांच जारी

**भिलाई।** युवक घर से कार चलाकर आया और पेड में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव का पंचनामा कर उसका शिनाख्त किया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि विद्युत नगर दुर्ग निवासी जीत उर्फ जितेन्द्र पाण्डेय 32 वर्ष अपने घर से सुबह 5 बजे कार सीजी 05 एम 1111 से निकला था। उसकी लाश रिसाली के सेंट थॉमस कॉलेज वाली सड़क किनारे पेड़ पर फांसी पर लटकी मिली। सूचना सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने पुलिस को दी थी। मृतक पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हवलदार रविन्द्र पाण्डेय का पुत्र है। घटनास्थल से पुलिस को किसी भी प्रकार का सुसायडल नोट नहीं मिला है। जीत विवाहित है उसके दो बच्चे भी है। मृतक प्रापर्टी डिलिंग का काम करता था। आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है। जांच के बाद ही असली वजह सामने आने की बात पुलिस बता रही है।

### पति-पत्नी का वीडियो वायरल करने की धमकी, युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** पति पत्नी का वीडियों बनाकर वायरल करने की धमकी देकर रुपए का डिमांड करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 3 मोबाइल व 3 सिम जब्त किया है। घटना का खुलासा करते हुए डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक ने बताया कि अहिवारा निवासी एक दंपति ने पुलिस में शिकायत किया था कि अज्ञात व्यक्ति ने उनके निजी पलों का वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेलिंग कर रहा है। वायरल करने की धमकी देकर वीडियो के एवज में 10 लाख रुपए का डिमांड कर रहा है। पुलिस शिकायत के बाद जांच शुरु कर दिया। इस दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरो का फुटेज खंगाले गए। जिसमें संदेही के रुप में अहिवारा निवासी विनय कुमार साहू को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर विनय ने बताया कि उक्त दंपति के घर पर दो बार चोरी करने गया था। तीसरी बार चोरी करने गया तो निजी पलों का वीडियो रिकार्ड कर लिया।

### झांसा देकर 41 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी टिना आशीष जनबंधु ने शिकायत किया है कि उसे मैरी शाह नामक महिला ने टेलीग्राम ऐप में मैसेज किया। उसके बाद पीड़ित को वर्क फ्राम होम काम झांसा दिया। इस दौरान अनघा विश्वनाथ नाम की महिला ने ऑटो डिजाइन प्लेटफॉर्म पर काम करने की जानकारी दी। उसके बाद पीड़ित के मोबाइल पर एक लिंक भेजा गया। लिंक में रजिस्ट्रेशन होने के तुरंत बाद पीड़ित को ट्रायल वर्क करने को कहा गया। काम पूरा करने पर उसे 976 रुपए मिले। फिर रोजाना 10 हजार जमा कराने की जानकारी दी। यह राशि करीब 7 हजार रुपए के बोनस के रुप में वापस होने का झांसा दिया गया। 24 दिसंबर को पीड़ित ने 10 हजार रुपए टेलीग्राम आईडी में जमा किया। काम खत्म करने पर उसे कुल 17 हार 651 रूपए मिले। फिर दोबारा 10 हजार जमा कर टेलीग्राम एकाउंट 19 हजार 557 रुपए निगेटिव दिखाने लगा।

---

**आयोजन : क्षेत्र के सभी स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव**

# नए सत्र के पहले दिन बच्चों का हुआ जोरदार स्वागत, तिलक के बाद खिलाई खीर-पूरी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में बुधवार को हर्षोल्लास से शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया, ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में किया गया।

■ बच्चों को किया गया पाठ्य पुस्तकों और गणवेश का वितरण

जहां जनप्रतिनिधियों ने नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और फूलमाला पहनाकर किया। इसके साथ ही नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तक, शाला गणवेश, स्कूली बस्ता और सायकल का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियो और अधिकारी-कर्मचारियों ने शाला प्रांगण में पौधारोपण किया। उन्होंने इसके साथ ही बच्चों को नेवता भोज में खीर पूड़ी, छोले की सब्जी, चावल, सलाद, पापड़ इत्यादि स्वादिष्ट भोजन भी परोसा। जनप्रतिनिधि सौरभ लुनिया, राकेश यादव सहित अन्य लोगों ने इस अवसर पर दल्लीराजहरा सहित आदिवासी ब्लॉक क्षेत्र में कुपोषण को समाप्त करने के लिए नेवता भोज में अधिक से अधिक सहभागिता हेतु दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र क्षेत्र वासियों

### बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें

इस अवसर पर राकेश यादव, सौरभ लुनिया ने सभी बच्चों का नए शिक्षा सत्र में प्रवेश पर स्वागत करते हुए कहा कि वे खूब मन लगाकर पढ़ें और जीवन में सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि सफलता के खुले आसमान में खूब ऊंची उड़ान उड़ें और क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि स्कूली जीवन में भरपूर मेहनत करें और उसके पश्चात सफलता का आनंद लें। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन स्तर को सुधारती है और शिक्षा से ही हमारी पहचान बनती है। हम शिक्षा पाकर अपना और देश का भविष्य उज्जवल बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी को अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। उक्त अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नए शिक्षा सत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जाएगा, जिससे बच्चे हर क्षेत्र में आगे रहें।

### बासीन स्कूल में बच्चों का हुआ स्वागत



**गुरूर।** ग्राम बासीन में गर्मी छुट्टी के बाद स्कूल खुलने के प्रथम दिन प्राथमिक स्कूल व मिडिल स्कूल शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जहां जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पहले सभी बच्चों का पहले दिन स्कूल आने पर स्वागत किया तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करते हुए उनका हौसला बढ़ाया।

### कामता स्कूल में न्योता भोज के साथ हुई शिक्षा सत्र की शुरुआत



**डौंडीलोहारा।** नए शिक्षण सत्र 2024- 25 के 26 जून से प्रारंभ होने के साथ ही प्राथमिक शाला कामता में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष दयाराम साहू एवं उपाध्यक्ष फगनु राम सिन्हा तथा समिति के अन्य सदस्य गण, ग्राम के नागरिकगण, विकासखंड स्रोत समन्वयक दिनेश कुमार मालेकर एवं संकुल समन्वयक नरेंद्र कुमार साहू , एफ एल एन समन्वयक नेमू राम साहू एवं शाला के प्रधान पाठक महेन्द्र खरे, शिक्षक गण शाला के बच्चें उपस्थित थे । नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया व गणवेश, पाठ्य पुस्तक व कापी पेंसिल भी प्रदान की गई। शाला के शिक्षक दीनदयाल पटेल ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के बाद शाला में पौधारोपण किया गया। सरपंच नेतराम तारम की ओर से शाला में सभी बच्चों के लिए पूर्ण न्योता भोज की व्यवस्था की गई थी।

### धमना में तिलक लगाकर किया बच्चों का स्वागत



**जामगांव आर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धमना में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं स्कूल गणवेश और पुस्तक प्रदान कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच उषा महलवर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सतीश सोनी, सेवा नियुक्त शिक्षक तुलसी साहू, घनश्याम यादव, उदय ठाकुर, युवराज साहू, ढाल सिंह साहू, फलेंद्र साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता यशोदा, रजवंती देशलहरे, प्रधान पाठक उत्तम कुमार साहू, महावीर निषाद, चुलेंद्र कुमार, मरकाम सुमन साहू, नीलकमल, रामस्वरूप की उपस्थिति रही, आए हुए सभी अतिथि ने सभी बच्चो को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में बच्चों को खिलाई गई मिठाई



**गुरूर।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बुधवार को शैक्षणिक सत्र 2024–25 प्रारंभ हो गया। प्रथम दिवस में शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में नवप्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर, गुलाल लगाकर स्वागत कर शासन की योजना के तहत निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व गणवेश का वितरण कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान दिपधा हिरवानी, डॉक्टर हरिकृष्ण गंजीर, डॉक्टर गोपाल साहू, सुखीत राम नायक, टेक सिंह साहू, मुकेश साहू, रुखमती गंजीर, जोहानी साहू, झामीन साहू उपस्थित थे।

### खेरथा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**देवरी बंगला।** बुधवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खेरथा बाजार में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि दीनदयाल डड़सेना थे, अध्यक्षता एनएस मानकर प्राचार्य ने की। विशेष अतिथि समिति अध्यक्ष उषा प्रजापति, सदस्य धनेश्वरी प्रजापति, सोनकर एवं सीएल विनायक रहे। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ, पालक गण, छात्र छात्राएं उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। चेतना और उनकी साथियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके



बाद अतिथियों और कक्षा 6 व 9 में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। उसके बाद उन्हें पाठ्य पुस्तक और गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य मंत्री एवं शिक्षा मंत्री के पत्र का वाचन किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए मन लगाकर पढ़ने तथा स्कूल, शिक्षकों और माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन व्याख्याता मो. आसिफ तथा आभार प्रदर्शन एके साकार ने किया।

### प्राथमिक शाला बगईकोन्हा टी में बच्चों को खिलाई खीर-पूरी



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा टी में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे की पूजा के साथ हुआ। शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासियों का गुलाल लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। उसके बाद शाला के नव प्रवेशी सहित सभी बच्चों का गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें गणवेश व पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया गया। पहले दिन कक्षा पहली में कुल 7 बच्चों ने दाखिला लिया। ग्राम के गणमान्य नागरिक मन्नू लाल चक्रधारी ने बच्चों को प्रतिदिन शाला आने व अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिहारी लाल कोमरे ने मुख्यमंत्री तथा प्रधान पाठक महेश कुमार जगनायक ने शिक्षा मंत्री के संदेश का वाचन किया। साथ ही बच्चों को प्रतिदिन शाला आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन कुंवर सिंह चनाप द्वारा किया गया। साथ ही लक्ष्मी स्व सहायता समूह की ओर से बच्चों को न्योता भोज में खीर-पूड़ी व केला परोसा गया। अंत में शाला प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय डौंडी में मना प्रवेश उत्सव



**डोंडी।** 26 जून को नए शिक्षा सत्र 2024-25 की शुरुआत हुई। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडी में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डौंडी के एसडीएम राम कुमार सोनकर, तहसीलदार श्री नायक, नायब तहसीलदार दीपक चंद्राकर एवं नगर पंचायत डोंडी के अध्यक्ष सोमेश सोरी उपस्थित रहे। एसडीएम ने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की सभी कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से उनकी समस्या से संबंधित चर्चा की तथा समाधान का आश्वासन दिया। सभी बच्चों एवं स्टाफ को नए शिक्षा सत्र में अच्छे कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्राचार्य बी.एस.वद्धन, वरिष्ठ व्याख्याता केआर हिरवानी, एनडी साहू, लिट्टी मैडम एवं दोनों माध्यम के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

### पूर्व माध्यमिक शाला कनेरी में बच्चों का किया स्वागत

**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कनेरी विकासखंड गुरुर में नव प्रवेशी बच्चों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, सरपंच दिनेश्वरी सिन्हा, अध्यक्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कनेरी रेखा राम छपेन्द्र विशेष रूप से उपस्थित थे। पालकों एवं शिक्षकों ने ने बच्चों का स्वागत किया।



### हाई स्कूल जगतरा में शाला प्रवेशोत्सव



**गुरूर।** हाई स्कूल जगतरा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में बालोद जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येन्द्र साहू, जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष प्रभात धुरवे, सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन पुरंजन यादव, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बालोदगहन गिरधारी यादव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति शासकीय हाई स्कूल जगतरा के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास मुरचुरिया की उपस्थिति रही। वार्ड पंच रेखा बाई, राजीव युवा मितान क्लब अध्यक्ष टिकेश्वरी नेताम व अन्य सदस्य के साथ ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम मे नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सभी नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को पुस्तक वितरण किया गया व मिठाई खिलाई गई। बालोद जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येन्द्र साहू ने बच्चों को उत्तरोत्तर उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जनपद पंचायत अध्यक्ष गुरूर प्रभात धुरवे ने भी बच्चों को आशीष प्रदान किया।

---

**स्वामी आत्मानंद स्कूल घोटिया में मना नशा निषेध दिवस**

# बच्चों ने निकाली रैली, नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

स्व दुलसिया कचलाम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय घोटिया में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

संस्था प्रमुख डीएस वर्मा ने नशा मुक्त परिवार व समाज निर्माण के लिए पालकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा समाज के विकास में रूकावट डालती है, इसलिए नशे से दूर रहें। नशा उन्मूलन अभियान नोडल प्रभारी



नरोत्तम यदु ने बताया कि हमारा विद्यालय परिसर पूर्ण रूप से नशा निषेध परिसर है। शाला परिसर के अंतर्गत किसी प्रकार का नशा करते पाया जाता है तो आर्थिक दंड का प्रावधान है। दूसरी बार पकड़े जाने पर पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नशा समाज के लिए सबसे बड़ा शत्रु है। नशे से पूरे परिवार का नाश हो जाता है। इसलिए सभी लोगों को नशे से दूर रहना चाहिए। वाई सुधाकर ने कहा कि जिस परिवार में नशा करने वाले लोग होते हैं, वहां प्रतिदिन झगड़ा लड़ाई होते रहता है। इसलिए सुखमय पारिवारिक जीवन के लिए हमें नशे से दूर रहना चाहिए। व्यायाम शिक्षक आर बेलचंदन ने भी नशा नहीं करने की सलाह दी। कार्यक्रम में संस्था से डीएल ठाकुर, एन ठाकुर, के कृषाण, आरसी कौर, आरएस नेताम, बी अंजुम, पी मानकर, वाई देवांगन, जेके यादव, टीके सिंहा, एसके ठाकुर, के ठाकुर, एनआर साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

